एक नजर में

सेवासदन महाविद्यालय के 9 एनसीसी कैडेट्स का अग्निवीर में चयन

बुरहानपुर। सेवासदन महाविद्यालय, बुरहानपुर द्वारा संचालित एनसीसी इकाई के 09 एनसीसी कैडेट्स धनंजय महाजन, राज चौधरी, हर्षल चौधरी, विनीत वाघ, मयूर सिवलकर, लोकेन्द्र, दीपक चौधरी, अभय तायडे, विनायक महाजन का भारतीय सेना की प्रतिष्ठित अग्निवीर योजना में चयनित होने पर सेवासदन षिक्षा की समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर ने कैडेट्स को बधाई, शुभकामना एवं उपहार भेट देते हुये कहा कि महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट का अग्निवीर में चयन होना बुरहानपुर शहर के लिए गौरव की बात है और कहा कि महाविद्यालय के एनसीसी केप्टन सुषील माहेष्वरी एवं लेफ्टिनेंट रिया ठाकुर के मार्गदर्षन एवं कैडेट्स के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, साथ ही महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं एनसीसी प्रशिक्षण की सफलता का भी प्रमाण है। कैडेट्स के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना ने इन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। परिणामस्वरूप कैडेटों को अग्निवीर भर्ती में चयन हुआ है। कैडेट्स की इस सफलता पर समिति सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला, सहसचिव श्री के.डी. पटेल, प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ ने चयनित कैडेट्स को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

ताप्ती सेवा समिति ने शिव महापुराण कथा में लिया आशीर्वाद, शिव-पार्वती झांकी रही मुख्य आकर्षण

बुरहानपुर। प्रतापपुरा गौशाला प्रांगण में पूज्य कथावाचक ममता दीदी व्यास के मुखारविंद से चल रही शिव महापुराण कथा में आज ताप्ती सेवा समिति बुरहानपुर के सदस्यों ने पहुंचकर उनका सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा आयोजन के दौरान भगवान शिव.पार्वती की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर समिति द्वारा कथा आयोजक देवीदास राठौड़ का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। कथा में पूज्य व्यासजी ने श्रद्धालुओं को धर्मए आस्था एवं सनातन परंपराओं का महत्व बताते हुए कहा कि क्षय रोग निवारण एवं स्वास्थ्य लाभ हेतु भगवान सोमनाथ के दर्शन कर वहां स्नान करना अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।कथा में यह भी उल्लेख किया गया कि पवित्र पुरुषोत्तम मास में आयोजित हो रही इस कथा के दौरान जिन दंपतियों को संतान सुख प्राप्त नहीं हुआ है, वे श्रद्धा भाव से 21 दूर्वा की माला एवं 31 मोदक भगवान को अर्पित करें, जिससे संतान प्राप्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। शिव महापुराण कथा को सुनने हेतु प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा प्रांगण में पहुंच रहे हैं तथा धर्ममय वातावरण का लाभ ले रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बसंत पाल, धर्मेंद्र सोनी, विजय राठौड़ सहित समिति अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत, ज्योति सोनी, मोहन दलाल, देवचरण शर्मा, पुनीत साकले, राम अग्रवाल, संजय चौधरी, राजेश भगत एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नि :शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर

बुरहानपुर। कलेक्टर ज़िला बुरहानपुर के निर्देशन में तथा ज़िला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय होम्योपैथी औषधालय खकनार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र 2 खकनार कलां में नि: शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में शासकीय होम्योपैथी औषधालय खकनार होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मिबाला वर्मा द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सामान्य ज्वर, श्वास, कास, अतिसार, वमन, चर्मरोग, उदर रोग, रक्ताल्पता, कमज़ोरी, श्वेत प्रदर अन्य महिलाओं संबधी समस्याएं, हाई ब्लड़ प्रैशर, मधुमेह इत्यादि की होम्योपैथी पद्धति से चिकित्सा की गई एवं होम्योपैथी औषधि वितरण की गई। जिसमें कुल 62 ग्रामीणों ने शिविर का लाभ लिया।

शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को वर्तमान मौसम को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ एवं उपाय बताए गए। उन्हें बताया गया कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी, लू लगना, थकान, चक्कर आना, सिरदर्द जैसी समस्याएँ अधिक हो सकती हैं, इसलिए इनसे बचाव के लिए कुछ सरल उपाय जैसे दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, धूप में बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढकना, हल्का सुपाच्य भोजन लेना, मौसमी फलों का सेवन आदि उपाय बताए गए।

आयुर्विद्या कार्यक्रम:-शिविर के उपरांत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सही पोषण के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आयुष, होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।जिसमें 26 बालक बालिकाऐं लाभान्वित हुए।

वयोमित्र कार्यक्रम और एम एस डी ;आमवात संधिवात कार्यक्रम:-इन कार्यक्रमों के अंतर्गत वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जोड़ो के दर्द, कमर दर्द, कमजोरी, मासपेशियों से संबंधित समस्याओं तथा बढ़ती उम्र से संबंधित बीमारियों के लिए उचित उपचार व व्यायाम की सलाह दी गई। वयोमित्र कार्यक्रम में 24 व एम एस डी आमवात संधिवात कार्यक्रम अंतर्गत 7 लाभान्वित हुए।

सुप्रजा कार्यक्रम:-गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें गर्भावस्था के दौरान सही आहार दिनचर्या मानसिक स्वास्थ्य एवं योग प्राणायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें 12 महिलाएं लाभांवित हुई। साथ ही ऑनलाइन योग प्रशिक्षण के बारे में बताते हुए 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु प्रचार प्रसार किया।

भारतीय जनता पार्टी : दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आज शुभारंभ

भीषण गर्मी के मद्देनजर पक्षियों को पानी के लिए सकोर भी रखे

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत बुरहानपुर जिले का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 30 एवं 31 मई 2026 को मंगल मिलाप परिसर बुरहानपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ शनिवार 30 मई को सुबह होगा।

प्रशिक्षण वर्ग में संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी कल्याण अग्रवाल, निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेन्द्र शर्माए जिला संगठन प्रभारी क्षितिज भट्टए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अर्चना चिटनिस तथा नेपानगर विधायक मंजु राजेन्द्र दादू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए प्रशिक्षण स्थल मंगल मिलाप परिसर में पक्षियों के लिए अतिथियों द्वारा सकोरे रखकर उनमें पानी भरा गयाए ताकि पक्षियों की प्यास बुझाई जा सके। इस पहल की उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सराहना की।

जिला प्रशिक्षण वर्ग में सुबह 9 बजे से 10.15 बजे तक अपेक्षित श्रेणी के भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों का पंजीयन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रदर्शनी का शुभारंभ एवं अवलोकन, प्रस्तावना, वर्गगीत, दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम् गायन तथा अतिथि स्वागत के साथ उद्घाटन सत्र आयोजित होगा।

प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ वक्ता संगठनए विचारधाराए राष्ट्र निर्माण एवं कार्यपद्धति से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। प्रथम सत्र में विचार परिवार विषय पर डॉण् निशांत खरेए द्वितीय सत्र में श्देश के समक्ष चुनौतियां-राजनीतिक एवं सामाजिक विषयश् पर अर्चना चिटनिस, तृतीय सत्र में श्कार्य विस्तार विषय पर डॉ.सुमेरसिंह सोलंकी, चतुर्थ सत्र में श्कार्यकर्ता विकासए संभाल और अपेक्षाएंश् विषय पर बाबूसिंह रघुवंशीए पंचम सत्र में श्कार्य पद्धतिश् विषय पर सुरेन्द्र शर्माए षष्ठ सत्र में बूथ प्रबंधन, मन की बात एवं स्थायी कार्यक्रम् विषय पर आशु तिवारी तथा सप्तम व्यवहारिक सत्र में विवेक भटोरे मार्गदर्शन देंगे। शेष सत्र 31 मई को आयोजित होंगे।

इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मंगल मिलाप परिसर में बैठक एवं स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर समिति प्रभारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक में सुरेन्द्र शर्माए क्षितिज भट्ट, अर्चना चिटनिस, डॉ.मनोज माने, चिंतामण महाजन, ईश्वर चौहान, वीरेंद्र तिवारी, प्रदीप पाटिल सहित संगठन पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने प्रशिक्षण वर्ग को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसकी प्रत्येक व्यवस्था अनुशासित एवं सुव्यवस्थित होए इसके लिए समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी कार्यकर्ता अपने दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन करेंगे।

जिला संगठन प्रभारी क्षितिज भट्ट ने भी प्रशिक्षण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक दृष्टि से मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अर्चना चिटनिस द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं विषयों की गंभीरता को लेकर विशेष तैयारी की गई हैए जिससे यह प्रशिक्षण वर्ग कई मायनों में ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगेए जिनमें केंद्र एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ वक्ता विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग पूर्णत: आवासीय रहेगा तथा भोजन, आवास, पंजीयन, चिकित्सा, मंच, तकनीकी, सुरक्षा, स्वागत एवं जल व्यवस्था सहित 11 समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर का जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रदेशभर में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों का श्रेष्ठ एवं प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सभी कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्यकर्ता वास्तव में सौभाग्यशाली होते हैं, क्योंकि उन्हें संगठन की विचारधाराए कार्यपद्धति एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को गहराई से समझने और सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बुरहानपुर का यह प्रशिक्षण वर्ग अपेक्षा से अधिक सफल एवं ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

प्रशिक्षण वर्ग हेतु सौंपे गए दायित्व

बैठक में विभिन्न समितियों के प्रभारियों से तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया गया। प्रशिक्षण वर्ग नियंत्रक चिंतामण महाजन को बनाया गया है। प्रशिक्षण प्रदर्शनी प्रभारी संभाजीराव सगरेए पंजीयन एवं उपस्थिति प्रभारी संजय जाधवए गजानन यादव एवं करण प्रजापतिए डिजिटल शुल्क एवं डिजिटल पंजीयन प्रभारी भरत रावलए आकाश चौधरी एवं प्रदीप कुशवाह, तकनीकी प्रबंधन प्रभारी अनिल वानखेड़े एवं आनंद यादव, व्यवहारिक सत्र कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश लाड, कार्यकर्ता परीक्षा प्रभारी विपुल कानगो, सुनील श्रीवास्तव एवं मनोज अग्रवाल, मोबाइल पार्किंग प्रभारी विक्रम चौहान एवं दिनकर महाजन, साज.सज्जा एवं सफाई व्यवस्था प्रभारी सुनील वाघे एवं प्रदीप कसेरा, आवास व्यवस्था प्रभारी प्रशांत पाटिल एवं दुर्गेश शर्मा तथा भोजन व्यवस्था प्रभारी वीरेंद्र तिवारी एवं नरहरी दीक्षित को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पुर्वे, सह मीडिया प्रभारी कृष्णा शाह तथा मीडिया टोली के आकाश राखोंडे, मिर्जा राहत बेग, सावित्री बत्रा एवं लखन चौधरी ने दी।

शिक्षापत्री लिखते लोग कर सकेंगे स्वामी नारायण भगवान के दिव्य दर्शन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर के सीलमपुरा स्थित लगभग 200 वर्ष प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी है। मंदिर में प्रतिदिन दिव्य अभिषेक, कथा और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

कथा के दौरान शास्त्री चंद्रप्रकाश स्वामी ने भगवान स्वामीनारायण के बुरहानपुर आगमन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि प्राचीन समय में भगवान स्वामीनारायण नीलकंठवर्णी अवतार में बुरहानपुर पहुंचे थे। उस दौरान उन्होंने ताप्ती नदी के बीच स्थित हाथीनुमा पत्थर पर बैठकर दही.रोटी ग्रहण की थी। इसी समय भगवान के मन में विचार आया था कि बुरहानपुर को स्वामीनारायण संप्रदाय का मुख्य केंद्र बनाया जाएए लेकिन संतों और भक्तों की सुगमता को ध्यान में रखते हुए बाद में वड़ताल धाम को मुख्य पीठ बनाया गया। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर आज भी भगवान स्वामीनारायण की विशेष कृपा स्थली माना जाता है।

दिव्य अभिषेक में मुख्य रूप से रमेश भाई दलालए अध्यक्ष श्री संकल पंच गुजराती मोढ़ वणिक समाज ने समाज की उन्नतिए समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ भगवान लक्ष्मी नारायण देव एवं हरिकृष्ण महाराज का दुग्धए शहदए पंचामृत एवं विभिन्न पवित्र नदियों के जल से अभिषेक कियाएरमेश दलाल का मानना है कि ऐसे दिव्य अभिषेक से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण का संचार होता है। उन्होंने बताया कि भगवान स्वामीनारायण द्वारा संस्कृत भाषा में लिखित शिक्षापत्री में 212 श्लोक हैं, जिनमें गृहस्थ, संत, राजा, व्यापारी, विद्यार्थी और समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए जीवन जीने के आदर्श नियम बताए गए हैं। शास्त्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि श्धर्मो रक्षति रक्षित:श् अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। शिक्षापत्री का मूल संदेश भी यही है कि व्यक्ति सत्य, अहिंसा, सेवा, सदाचार और भगवान भक्ति के मार्ग पर चले। पुरुषोत्तम मास के महत्व का वर्णन करते हुए। उन्होंने सम्पुट दान का महत्व बताते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास में कांसे के सम्पुट में मालपुए भरकर दान करना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। पुरुषोत्तम मास की कथा का श्रवण करने से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट होते हैं।

महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी करें एवं कार्यों में सुधार नहीं होने पर वेतन रोकने संबंधी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएं। बैठक में सेम एवं मेम बच्चोंए गर्भवती महिलाओं के पंजीयन के संबंध में भी जानकारी ली गयी। इसी कड़ी में कलेक्टर सिंह ने जिले में संचालित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं ब्लड बैंक में जांच रिपोर्ट की प्रक्रिया की भी जानकारी प्राप्त की गयी। कलेक्टर सिंह ने महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजनाए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनाए दस्तक अभियान सहित विभिन्न योजनाओं एवं प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। पोषण ट्रेकर, अपार आईडीए आधार कार्ड के संबंध में भी आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मैदानी अमले में सक्रियता लाने के लिए नियमित बैठके लें।

संगोष्ठी-सम्मान समारोह 3 को



नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। सामाजिक, साहित्यिक, आध्यात्मिक राष्ट्रीय संस्था दृष्टि गुना द्वारा हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन 3 जून प्रात: गुना के सभागार में किया गया है।

संस्था द्वारा बुरहानपुर के वरिष्ठ कहानी एवं उपन्यासकार संतोष परिहार के नए सातवें कहानी संग्रह जो हो न सका का लोकार्पण एवं परिहार को सारस्वत सम्मान प्रदान किया जाएगा। समग्र एवं सक्रिय लेखन में यह संतोष परिहार की स्वलिखित तीसवीं पुस्तक है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.विकास दवे निर्देशक, म.प्र.साहित्य अकादमी भोपाल, अध्यक्षता डॉ.रामस्नेही लाल शर्मा फिरोजाबाद, सारस्वत अतिथि डॉ.श्याम सुंदर दुबे, मुख्य वक्ता डॉ.श्रीराम परिहार होंगे। ये जानकारी संस्था अध्यक्ष डॉ.अनिरुद्ध सिंह सैंगर गुना द्वारा दी गई।

खेल ग्राउंड और सड़क सहित 3 करोड़ से अधिक के कार्यों के लिए भूमिपूजन

नवभारत न्यूज,

खकनार। नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मांजरोद खुर्द में शुक्रवार को खण्डवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम माको, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप जाधव सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 3 करोड़ 8 लाख 95 हजार रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत मांजरोद से सुसुरखेड़ा मार्ग निर्माण कार्य तथा ग्राम माँजरोदकँला में खेलकूद मैदान निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। सड़क निर्माण कार्य पर 2 करोड़ 28 लाख 95 हजार रुपए तथा खेलकूद ग्राउंड निर्माण पर 80 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगीए वहीं युवाओं एवं खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों के लिए आधुनिक सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध:-इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में गांवए गरीबए किसान और युवाओं के कल्याण के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। सड़क, शिक्षा, खेल और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता किशोर नाना पाटील, जिला पंचायत सदस्य अशोक पटेल, जनपद पंचायत खकनार सदस्य गजाधर बेड़िया, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल जाधव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश चौकस, मनोज टंडन, मंडल अध्यक्ष महेंद्र जोगी, सोनू भावसार, आनंद यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

एक नजर — स्कूलों में बनेंगे अतिरिक्त कक्ष और प्रयोगशालाएं, छात्र कर सकेंगे आधुनिक विज्ञान का अध्ययन

इच्छापुर में अर्चना चिटनिस ने 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात

नवभारत न्यूज,

ईच्छापुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर जिले के ग्राम ईच्छापुर में विभिन्न लोक कल्याणकारी विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामीण विकास को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर लगभग 2 करोड़ 03 लाख 71 हजार की लागत से विभिन्न विकास एवं जनसुविधा कार्यों की सौगात ग्रामवासियों को दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे तथा क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों के लिए श्रीमती चिटनिस का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 1 करोड़ 40 लाख 22 हजार लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में पाँच अतिरिक्त कक्ष एवं दो प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य 96ण्33 लाखए वार्ड क्रमांक 04 में महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा के पास डामर रोड निर्माण कार्य 10ण्53 लाखए वार्ड क्रमांक 07 में हनुमान मंदिर के पास आरसीसी रोड निर्माण कार्य 6ण्53 लाखए वार्ड क्रमांक 01 में हवेलीवाला शिव मंदिर के पास आरसीसी रोड निर्माण कार्य 2ण्83 लाख तथा नागोनी डेम से हनुमान मंदिर होते हुए श्मशान घाट की ओर पाईप लाइन विस्तार कार्य 24 लाख लागत से किए जाएंगे।

इसके साथ ही 63 लाख 49 हजार लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। इनमें श्री साहेबराव तायड़े के घर से बाबुराव तोरे के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख, शिवाजी महाराज प्रतिमा के पास त्रिकुटी क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य 5 लाख, सरस्वती शिशु मंदिर सभा मंडप निर्माण कार्य 10 लाख, वार्ड क्रमांक 02 में सीसी रोड निर्माण कार्य 3.24 लाख, काशीनाथ पाटील के घर से सुनील वामन के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख, वार्ड क्रमांक 04 में सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख, वार्ड क्रमांक 02 में सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाखए ईच्छापुर से भोटा मार्ग तक विजय सपकाले एवं कब्रस्तान मार्ग सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख, शिव मंदिर के पास आरसीसी रोड एवं सौंदर्यीकरण कार्य 5 लाख, देव्हारी.नागोनी डेम के पास आरसीसी शेड निर्माण कार्य 2.02 लाख, सीसी नाली निर्माण कार्य 4 लाख, संत तुकाराम महाराज मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण कार्य 2 लाख, नागोनी बाडु मामा मंदिर के पास सभा मंडप निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य 5 लाख तथा रवि रोडे के घर से कैलाश चन्द्रभान के बाड़े तक सीसी रोड निर्माण कार्य 3ण्17 लाख लागत से पूर्ण किए गए हैं।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास ही विकसित भारत की मजबूत नींव है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और मजबूत आधारभूत संरचना किसी भी आदर्श ग्राम की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि ईच्छापुर सहित पूरे क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं तथा पूर्व में भी ग्राम को अनेक महत्वपूर्ण सौगातें दी गई हैं, जिनसे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि विकास और सतत विकास का जो मार्ग आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हमें दिखाया है, वही आज हमारा मिशन बन चुका है। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में ष्जल जीवन मिशनष् के माध्यम से प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। अब आवश्यकता इस अमूल्य जल को सहेजने और जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने की है। इसी उद्देश्य से ग्राम ईच्छापुर में विशेष ष्मिशन टोटी अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत लगातार 4 से 5 घंटे तक गाँव के प्रत्येक घर का भ्रमण कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को समझाइश दी गई कि पानी की एक.एक बूंद अमूल्य है और इसका उपयोग केवल आवश्यकता अनुसार ही किया जाए। घरों में अनावश्यक रूप से बह रहे पानी को रोकने, नलों में टोटी लगाने तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश भी दिया गया। उन्होंने कहा कि विकास केवल भवन और सड़क निर्माण तक सीमित नहीं हैए बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जागरूक समाज निर्माण से ही वास्तविक प्रगति संभव है। आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए आज से ही सजग और संवेदनशील बनने की आवश्यकता है।

जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, लक्ष्मण पवार, किशोर पाटिल, विजय पवार, वामन मालीए गणेश महाजनए संजय पवार, हाजी हीरे खां, अरूण सूर्यवंशी, आकाश राखुंडे, स्वप्निल पाटिल, दिनकर महाजन, गफ्फार मंसूरी, नितीन महाजन सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्योंए सहज उपलब्ध जनसेवा एवं निरंतर जनसंपर्क के लिए अर्चना चिटनिस के प्रति विश्वास एवं स्नेह व्यक्त किया।